महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्र: एफ–15/शोध/परिपत्र/मदसविवि/ दिनांक29/09/2020

संशोधित परिपत्र

विश्वविद्यालय द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक 11363 दिनांक 04.09.2020 एवं क्रमांक: 11998 दिनांक 10.09.2020 के क्रम में अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय अध्यादेश 124.9(B) के प्रावधानो के अनुसार एक समसत्र (6 माह) में प्रश्न पत्र द्वितीय व तृतीय का पाठ्यक्रम कार्य संतोषप्रद शोध पर्यवेक्षक के अधीन किये जाने हेतु सूचित किया गया था ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने केन्द्रीयकृत पेपेर प्रथम पूर्ण कर लिया उस प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करते हुए तथा एक समसत्र (6 माह) में प्रश्न पत्र द्वितीय व तृतीय का पाठ्यक्रम पूर्ण का प्रमाण पत्र शोध पर्यवेक्षक एवं केन्द्र के प्राचार्य/म.द.स.वि.वि.परिसर के अभ्यर्थी शोध पर्यवेक्षक एवं संबंधित विभागाध्यक्ष से प्रमाणित प्रमाण पत्र एवं शोध प्रारूप की चार प्रतियां शोध प्रारूप आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर अविलम्ब भिजवावें।

कोविद–19 के मद्देनजर विशेष परिस्थितियों में शोध प्रारूप जमा कराने की समय सीमा दिनांक **30.09.2020** के स्थान पर दिनांक **15.10.2020** तक बढ़ाई जाती है । साथ ही अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है शोध प्रारूप जमा कराने का यह अंतिम अवसर है ।

–sd–
निदेशक (शोध)

क्र: एफ–15/शोध/परिपत्र/मदसविवि/13534-883 दिनांक:29/09/2020

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. संबंधित शोध केन्द्र के विभागाध्यक्ष/प्राचार्य को इस निवेदन के साथ कि कोर्स वर्क के द्वितीय व तृतीय प्रश्न पत्र का अध्ययन पूर्ण कराकर प्रमाण पत्र जारी करने की कृपा करें।
2. संबंधित शोध पर्यवेक्षक।
3. वेब एडमिनिस्ट्रेशन, म.द.स.वि.वि.अजमेर को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु ।
4. निजी सचिव–कुलपति, म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर।
5. निजी सहायक–कुलसचिव, म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर।
6. संबंधित अभ्यर्थी एवं पत्रावली।

निदेशक (शोध)